हरियाणा में गाँवों की तर्ज़ पर शहरी क्षेत्रों को भी लाल डोरा मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राज्य में गाँवों की तर्ज़ पर शहरी क्षेत्रों को भी लाल डोरा मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को गाँव की तर्ज़ पर अब शहरी क्षेत्रों में भी लाल डोरा के अंदर परिसंपत्तियों की मैपिंग और ड्रोन फ्लाइंग इत्यादि की 15 दिनों में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।
- अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा तथा प्राइवेट कॉलोनियों में जारी प्रॉपर्टी आईडी का एक मास्टर डाटा तैयार करें, ताकि वास्तविक स्थिति का पता लग सके।
- इसके अलावा लाल डोरा की जानकारी सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर समितियों के साथ साझा करें। यदि कहीं किसी प्रकार का कोई बदलाव पाया जाता है तो उसके अनुसार डाटा को अपडेट करें।
- स्वामित्व योजना के तहत गाँवों में ड्रोन फ्लाइंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और प्रॉपर्टी कार्ड बनाने तथा वितरित करने का कार्य चरणबद्ध तरीके से जारी है। अब इसी तरज पर शहरी क्षेत्रों में भी लाल डोरा मुक्त करने का कार्य तेज़ी से किया जाएगा, ताकि लोगों को उनका मालिकाना हक मिल सके।
- गौरतलब है कि लाल डोरा मुक्त योजना की शुरुआत देश में सर्वप्रथम हरियाणा ने ही शुरू की थी, जिसे बाद में देशभर में स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया गया। इस महत्त्वाकांक्षी योजना में गाँवों और शहरों को लाल डोरा से मुक्त करने के लिये क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-begins-the-process-of-making-urban-areas-lal-dora-free